# BIHAR SPONGE IRON LIMITED.

REGISTERED OFFICE & PLANT : UMESH NAGAR, CHANDIL-832401, DISTT. SARAIKELA - KHARSAWAN, JHARKHAND
PHONE (EPABX) : 06591-232410, 232417, Fax : 06591-232412
E-mail : bsilchandil@gmail.com / Web : bsil.org.in, CIN : L27106JH1982PLC001633


**BSIL/CS/SE/2018** **6th February, 2018**

**The General Manager**
Listing Centre
Bombay Stock Exchange Limited
P J Towers, Dalal Street,
MUMBAI- 400 001

**SUB: NEWSPAPER PUBLICATIONS OF THE 5TH BOARD MEETING FOR THE FINANCIAL YEAR 2017-18.**
**SCRIP CODE: 500058**

Dear Sir / Ma'am,

Pursuant to Regulation 30 of the SEBI (Listing Obligations & Disclosure Requirements) Regulations, 2015 read with SEBI circular CIR/CFD/CMD/4/2015 dated 9th September, 2015, please find enclosed herewith the Newspaper Publications of 5th Board Meeting for the financial year 2017-18 published on 31st January, 2018 in the English National Daily Newspaper "The Financial Express" circulating in the whole or substantially whole of India and in the Daily Hindi Newspaper "Naya India" published in the language of the region, where the registered office of the company is situated.

The above is for your information and record.

Thanking you,

Yours faithfully,

For **BIHAR SPONGE IRON LTD.**

Bihar Sponge Iron Limited Jharkhand

**SHUBHANGI VARSHNEY**
**(COMPANY SECRETARY)**
**[M. No.- A43431]**


BRANCH OFFICE : 11, CIRCUIT HOUSE AREA (EAST) ROAD NO. 9, JAMSHEDPUR - 831 001
TEL. : 0657-2228072 / 2223913, FAX : 0657-2231271

## सार समाचार

### यमन विद्रोहियों का अदन पर कब्जा

**अदन, रायटर।** दक्षिणी यमन विद्राहियों ने दो दिन की लड़ाई के बाद अदन शहर अपने नियंत्रण में ले लिया है। स्थानीय नागरिकों ने बताया विद्रोहियों ने राष्ट्रपति अब्द-रब्बू मंसूर हादी के महल को भी घेर लिया है। राष्ट्रपति आवास से जारी बयान में कहा गया है कि भारी संघर्ष के बाद आज उत्तरी अदन में डार साद इलाके में विद्रोहियों ने राष्ट्रपति सुरक्षा बलों के गढ़ पर कब्जा कर लिया। दक्षिणी संक्रमणकालीन परिषद के प्रति वफादार ताकतों को संयुक्त अरब अमीरात का समर्थन प्राप्त है जो सऊदी गठबंधन का मुख्य घटक है।

### यमन में सैन्य चौकी पर हमला, 11 मरे

**अदन, रायटर।** यमन के दक्षिण पूर्वी शबवा प्रांत में आज एक सैन्य चौकी पर आत्मघाती कार बम हमले में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गयी। अधिकारियों और स्थानीय नागरिकों ने बताया कि एक आत्मघाती हमलावर ने शबवा प्रांत की राजधानी अताक के उत्तर पूर्व में स्थित सैन्य चौकी को कार से टक्कर मारकर विस्फोट कर दिया। इसके तुरंत बाद बंदूकधारियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। हमले में कम से कम 11 लोगों की मौत हुई है और बड़ी संख्या में लोग घायल हुए हैं।

### टकराने से बचे अमेरिका-रूस के सैन्य विमान

**वाशिंगटन, रायटर।** अमेरिका की नौसेना का निगरानी विमान कल काले सागर के ऊपर रूस के लड़ाकू जेट से टकराते-टकराते बचा। अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी करके इस घटना की पुष्टि की है। अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि काले सागर के ऊपर निगरानी करने वाले अमेरिका की नौसेना का एक विमान कल रूस के लड़ाकू विमाने के पांच फुट के दायरे में आ गया था। अमेरिका ने इस घटना को 'परस्पर असुरक्षित क्रिया' करार दिया है। अमेरिका ने अपने बयान में कहा, 'हम रूस से इस असुरक्षित कार्रवाई पर बात करेंगे। इसने घटना ने गणना के जोखिम, हवा में टक्कर और दोनों पक्षों के हवाई क्रू के खतरे को बढ़ा दिया है।'

विश्व समाचार / कूटनीति

# तालिबान से वार्ता नहीं, उसका खात्मा करेंगे

## काबुल में तालिबान द्वारा हाल ही में किए गए हमलों में कम से कम 125 लोगों की मौत हो चुकी है।

**संयुक्त राष्ट्र ■ आईएएनएस**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तालिबान को समाप्त करने की बचनबद्धता पर जोर देते हुए उसके साथ किसी तरह की वार्ता की संभावना से इनकार किया है।



ट्रंप ने सोमवार को व्हाइट हाउस में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्यों को बताया, 'तालिबान निर्दोष लोगों को मार रहा है। बच्चों पर बमबारी की जा रही है, परिवारों पर बमबारी की जा रही है, पूरे अफगानिस्तान में बमबारी की जा रही है।' उन्होंने कहा, 'इसलिए तालिबान से कोई बातचीत नहीं होगी। हम तालिबान से बात नहीं करना चाहते। जो काम हमें करना है, हम उसे पूरा करने जा रहे हैं। जिस काम को कोई नहीं पूरा कर पाया, हम उसे पूरा करने जा रहे हैं।'

काबुल में तालिबान द्वारा हाल ही में किए गए हमलों में कम से कम 125 लोगों की मौत हो चुकी है, जो ट्रंप प्रशासन के लिए एक सीधी चुनौती है। ट्रंप ने 16 जनवरी को कहा था कि अमेरिकी फौजों ने इस्लामिक स्टेट (आईएस) और तालिबान पर जबरदस्त कहर बरपाया है और उन्होंने अगस्त 2017 में जिस दक्षिण एशिया नीति का ऐलान किया था, वह बहुत तेजी से काम कर रही है।

तालिबान आतंकवादियों ने काबुल में 21 से 22 जनवरी के दौरान इंटरकॉन्टिनेंटल होटल पर हमला किया था, जिसमें 22 लोगों की मौत हो गई थी, जिसमें 14 विदेशी भी शामिल थे।

तालिबान ने शनिवार को विस्फोटकों से भरे एक एंबुलेंस में विस्फोट कर दिया था, जिसमें 103 लोगों की मौत हो गई थी और 235 अन्य घायल हो गए थे।

इस दौरान, आईएस द्वारा जलालाबाद में बुधवार को ब्रिटिश गैर सरकारी संगठन 'सेव द चिल्ड्रन' के मुख्यालय पर किए गए हमले में चार लोगों की मौत हो गई थी। आईएस आतंकवादियों ने सोमवार को काबुल में एक सैन्यअड्डे पर हमला किया, जिसमें 11 जवान मारे गए थे। ट्रंप के सोमवार के बयान से तालिबान के साथ वार्ता पर अमेरिका के रुख को लेकर अस्पष्टता समाप्त हो गई। उदाहरण के लिए विदेश मंत्री रेक्स टिलरसन ने बीते अगस्त में कहा था कि अमेरिका बिना किसी पूर्वशर्त के अफगानिस्तान सरकार और तालिबान के बीच शांति वार्ता में सहयोग करेगा।

हालांकि, ट्रंप ने भविष्य में विभिन्न परिस्थितियों में वार्ता की संभावनाओं का स्वागत किया है।

उन्होंने सुरक्षा परिषद के सदस्यों को बताया, 'ऐसा समय आ सकता है, लेकिन अभी लंबा समय है। फिलहाल हम वार्ता के मूड में नहीं हैं।' ट्रंप ने पाकिस्तान के खिलाफ कदम उठाकर तालिबान के साथ संघर्ष का स्तर बढ़ा दिया है। अमेरिका ने पाकिस्तान पर आतंकवादी संगठनों की मदद करने का आरोप लगाया है। अमेरिका ने ऐलान किया था कि पाकिस्तान जब तक तालिबान का समर्थन करना जारी रखेगा, उसे दी जाने वाली एक अरब डॉलर से अधिक की राशि पर रोक जारी रहेगी।

### काबुल धमाके के पीछे हक्कानी नेटवर्क : अमेरिका

**वाशिंगटन, रायटर।** अमेरिका का मानना है कि शनिवार को अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में हुए एंबुलेंस बम धमाके को अफगान तालिबान यानी हक्कानी नेटवर्क ने अंजाम दिया। अमेरिका के नेतृत्व वाले गठबंधन ने आज रायटर को यह जानकारी दी। अफगानिस्तान में नाटो नेतृत्व वाले सहयोग मिशन के कैप्टन टॉम ग्रेसबैक ने कहा, 'हमें पूरा विश्वास है कि बीते शनिवार को 103 लोगों की जाने लेने के पीछ तालिबान का हक्कानी नेटवर्क है।' एक अन्य अमेरिकी अधिकारी ने पहचान गुप्त रखे जाने की शर्त पर कहा कि अमेरिका को यकीन है कि हमले के पीछे हक्कानी नेटवर्क है। अमेरिका बहुत पहले ही पड़ोसी पाकिस्तान को आतंकवाद की पनाहगाह बता चुका है।

### नाइजीरियाई सेना के हमले में 35 मरे

**अबुजा, रायटर।** नाइजीरिया के पूर्वोत्तर राज्य अदामावा के ग्रामीण इलाकों में नाइजीरियाई वायु सेना की ओर से किए गए हमलों में कम से कम 35 लोग मारे गए हैं। मानवाधिकारों से संबंधित लंदन स्थित गैरसरकारी संगठन एमनेस्टी इंटरनेशनल ने आज एक रिपोर्ट जारी कर इस बात की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गत वर्ष दिसम्बर माह के दौरान किये गये हमलों में 35 लोगों की मौत हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों ने बताया कि एक लड़ाकू विमान समेत वायु सेना के कई हेलिकॉप्टरों ने उन पर हमले किए। नाइजीरिया में एमनेस्टी की प्रमुख ओसाइ ओजिघो ने इस रिपोर्ट में कहा कि कानून लागू करवाने के लिए हवाई हमले करना कोई विकल्प नहीं। सुश्री ओजिघो ने कहा कि नाइजीरियाई सेना की ओर से जनता पर इस प्रकार से हवाई हमले करना बहुत ही चौंकाने वाले हैं। सेना का काम देश के लोगों की रक्षा करना है। एमनेस्टी इंटरनेशनल की यह रिपोर्ट मानवाधिकारों के मुद्दे पर सेना के लिए एक नवीनतम चुनौती है। इन हमलों से चरवाहों और किसानों के बीच एक घातक संकट का संकेत मिलता है जो सरकारी नियंत्रण से बाहर जा रहा है।

## सोची शांति बैठक में हिस्सा नहीं लेंगे फ्रांस व ब्रिटेन

**पेरिस ■ रायटर**

फ्रांस और ब्रिटेन रूस के सोची शहर में आयोजित होने वाली सीरिया शांति वार्ता में हिस्सा नहीं लेंगे। दोनों देशों ने संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व में अलग से चलाई जा रही सीरिया शांति वार्ता प्रक्रिया के समर्थन में यह निर्णय लिया है। फ्रांस और ब्रिटेन ने रूस से यह भी आग्रह किया है वह सीरिया की सरकार को सकारात्मक बातचीत में साथ लेकर आए। दोनों यूरोपीय देशों के साथ कुछ अरब देश भी मानते है कि रूस द्वारा आयोजित सोची शांति वार्ता संयुक्त राष्ट्र की शांति प्रक्रिया को कमतर करने और उससे अलग एक शांति प्रक्रिया चलाने का प्रयास है। इन देशों का मानना है कि रूस एक अलग शांति प्रक्रिया चलाकर समाधान का रुख अपने सहयोगी ईरान और सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल असद के पक्ष में मोड़ना चाहता है। फ्रांस के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने पत्रकारों से कहा, 'सोची बैठक जैसे सभी अन्य पहलों एक सांचे के भीतर संयुक्त राष्ट्र की शांति प्रक्रिया का समर्थन करना चाहिए। फ्रांस सीरिया के विपक्ष की निर्णय को ध्यान में रखते हुए सोची बैठक में शामिल नहीं होगा।' ब्रिटेन के सीरिया में दूत मार्टिन लांगदेन ने ट्विटर पर कहा, ₹ब्रिटेन सोची वार्ता में हिस्सा नहीं लेगा। हम रूस से आग्रह करते हैं कि वह वह अपने प्रभाव का इस्तेमाल सीरिया को समझाने के लिए करे।'

### अमेरिका के विशेष दूत द. कोरिया, जापान की यात्रा करेंगे

**वाशिंगटन, आईएएनएस।** अमेरिका के विदेश विभाग ने कहा कि उत्तर कोरिया के लिए उसके विशेष दूत एक से छह फरवरी के बीच दक्षिण कोरिया और जापान का दौरा करेंगे। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर कोरिया नीति के विशेष प्रतिनिधि और कोरिया व जापान के उप सहायक सचिव जोसेफ युन टोक्यो व सियोल में वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों से मुलाकात कर उत्तर कोरिया मुद्दे पर समन्वय और अन्य गठबंधनों व द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे। टोक्यो में युन नॉर्वेइयन इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल अफेयर्स के टोडा पीस इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित इंटरनेशनल कोलोकुइम ऑन बिल्डिंग स्टेबल पीस इन नॉर्थ ईस्ट एशिया कार्यक्रम में भी हिस्सा लेंगे।

## अमेरिका ने रूसी कुलीनों, राजनीति हस्तियों की सूची जारी की

**वाशिंगटन ■ आईएएनएस**

अमेरिकी सरकार ने प्रमुख रूसी लोगों की सूची जारी की है, जिनके रूसी सरकार से करीबी संबंध हैं। अमेरिका ने कहा है कि यह प्रतिबंध की कोई सूची नहीं है।

सीएनएन की मंगलवार की रपट के मुताबिक, इस सूची का प्रकाशन वित्त विभाग ने सोमवार देर शाम किया। इसमें 114 वरिष्ठ रूसी राजनीतिक शख्सियतों के साथ ही 96 कुलीन शामिल हैं। इनकी संपत्ति एक अरब डॉलर से ज्यादा है।

वित्त विभाग ने कहा है कि इससे ये नाम आर्थिक या कूटनीतिक प्रतिबंधों की सूची में शामिल नहीं होते और ऐसा 2016 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में रूसी हस्तक्षेप को लेकर दबाव बनाने की मंशा से किया गया है।

चेल्सिया सॉकर क्लब के मालिक रोमन अर्बामोविच 96 कुलीन लोगों में शामिल हैं।

वरिष्ठ अधिकारियों की 114 लोगों की सूची में प्रधानमंत्री दमित्री मेदवेदेव व विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव सहित कई दर्जन सलाहकारों व सरकारी कंपनियों के प्रबंधकों व रूसी खुफिया सेवा के सदस्य शामिल हैं। विभाग ने कहा कि सूची सार्वजनिक रूप से उपलब्ध स्रोतों द्वारा वस्तुनिष्ठ मानदंडों के आधार पर संकलित की गई है और इसमें शामिल लोग आगे प्रतिबंधों के अधीन नहीं होंगे। रूस ने चेताया है कि सूची जारी करने से 'संबंध जोखिम' में पड़ सकते हैं और इसके 'ज्यादा गंभीर परिणाम' हो सकते हैं। स्टेट ड्यूमा की अंतर्राष्ट्रीय मामलों की समिति के उपाध्यक्ष अलेक्से चेपा ने आधिकारिक समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती से कहा, 'यह एक दूसरा कदम है, जिससे फिर से तनाव बढ़ सकते हैं।'

कारपोरेट हलचल / कंपनियां / बैंक

# शिखर से फिसला शेयर बाजार

**मुंबई ■ वार्ता**

अधिकतर विदेशी बाजारों में रही गिरावट और सरकार द्वारा वित्तीय घाटा का लक्ष्य बढाये जाने के संकेत से हताश निवेशकों की बिकवाली के दबाव में बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 249.52 अंक की तेज गिरावट के साथ 36,033.73 अंक पर आ गया। एनएसई का निफ्टी भी 80.75 अंक की गिरावट के साथ 11,049.65 अंक पर आ गया। आर्थिक विकास दर के वर्ष 2018-19 में सात से 7.5 प्रतिशत के बीच रहने के सरकार के अनुमान से उत्साहित निवेशकों की लिवाली के दम पर कल नये शिखर पर पहुंचे शेयर बाजार की धारणा निवेशकों के सतर्कता बरतने से आज नकारात्मक रही। निवेशकों में वैश्विक रुख, वित्तीय घाटा, चालू खाता घाटा और महंगाई दर को लेकर संशय है जिससे शेयर बाजार पर दबाव बना हुआ है।

निवेशकों की कमजोर धारणा के कारण सेंसेक्स 6.13 अंक की गिरावट में 36,277.12 अंक पर खुला। कारोबार के दौरान यह 36,291.81 अंक के उच्चतम और 35,993.41 अंक के निचले स्तर से होता हुआ गत दिवस की तुलना में 0.69 फीसदी की गिरावट में 36,033.73 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 22 के शेयरों के भाव लुढ़क गये।

निफ्टी की शुरुआत हालांकि आज 9.55 अंक की बढ़त में 11,120.85 अंक पर हुई। कारोबार के दौरान यह 11,121.10 अंक के उच्चतम स्तर को छूता हुआ 11,033.90 अंक के निचले स्तर तक लुढ़का और अंततः गत दिवस की तुलना में 0.71 फीसदी की गिरावट में 11,049.65 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी की 51 में से 36 कंपनियों के शेयरों की कीमत में गिरावट और 13 में तेजी रही जबकि एक कंपनी के शेयरों के भाव अपरिवर्तित रहे। बीएसई में मंगलवार को कुल 2,992 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 800 तेजी में, 2,046 गिरावट में और 146 अपरिवर्तित रहीं। बीएसई के 20 समूहों में से 17 समूहों का सूचकांक लाल निशान में और दो का हरे निशान में बंद हुआ। ऊर्जा क्षेत्र में कोई बदलाव नहीं हुआ।

दिग्गज कंपनियों की तरह छोटी और मंझोली कंपनियों में भी बिकवाली का जोर रहा। बीएसई का मिडकैप 0.67 फीसदी यानी 118.91 अंक लुढ़ककर 17,591.39 अंक पर और स्मॉलकैप 1.34 फीसदी यानी 255.56 अंक फिसलकर 18,873.58 अंक पर बंद हुआ। यूरोपीय बाजारों में जर्मनी का डैक्स 0.51 फीसदी की गिरावट में खुला। एशियाई बाजारों में जापान का निक्की 0.64, हांगकांग का हैंगशैंग 1.18 और दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.31 फीसदी की गिरावट में बंद हुआ।

### देश में प्रौद्योगिकी खर्च 12 फीसदी बढ़ेगा

**नई दिल्ली, आईएएनएस।** सॉफ्टवेयर पर होने वाले खर्च में तेज बढ़ोतरी से भारत में प्रौद्योगिकी पर होनेवाले खर्च में साल 2018 में 12 फीसदी की वृद्धि का अनुमान है। फोरेस्टर की देश के प्रौद्योगिकी बाजार को लेकर जारी नवीनतम दृष्टिकोण में यह जानकारी दी गई है। रपट में कहा गया है कि देश में 2018 में प्रौद्योगिकी पर किए जाने वाले खर्च का करीब 11 फीसदी सॉफ्टवेयर पर किया जाएगा। जबकि विकसित देशों में सॉफ्टवेयर पर किया जानेवाला खर्च करीब 20 फीसदी या उससे अधिक होता है। रपट में बताया गया है कि भारत में सॉफ्टवेयर श्रेणी पर खर्च आनेवाले समय में तेजी से बढ़ेगा। रपट के लेखक और शोध निदेशक तथा कंपनी के उपाध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने कहा, हालांकि नोटबंदी और जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) को तेजी से लागू करने से 2017 में विकास दर प्रभावित हुआ है।

## बिजनेस सुर्खियां

### टीवीएस के मुनाफे में 16 फीसदी की बढ़त

**चेन्नई, वार्ता।** दोपहिया और तिपहिया वाहन बनाने वाली देश की तीसरी सबसे बड़ी कंपनी टीवीएस मोटर्स का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की 31 दिसंबर को समाप्त तीसरी तिमाही में 16.34 फीसदी बढ़कर 154.35 करोड़ रुपये रहा। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 132.67 करोड़ रुपये का लाभ अर्जित किया था। कंपनी द्वारा आज जारी तिमाही परिणाम के मुताबिक आलोच्य तिमाही में उसकी कुल आमदनी 3,724.35 करोड़ रुपये से घटकर 3,703.11 करोड़ रुपये रही। इस दौरान उसका कुल खर्च 3,104.55 करोड़ रुपये से बढ़कर 3,492.75 करोड़ रुपये हो गया। इस दौरान टीवीएस ने निर्यात समेत कुल 7.99 लाख दोपहिया वाहन बेचे, जो गत वित्त वर्ष की समान तिमाही में बिके 7.03 लाख इकाई से 13.8 प्रतिशत अधिक है। आलोच्य अवधि में कंपनी के मोटरसाइकिल की बिक्री 2.48 लाख इकाई से 26.7 प्रतिशत बढ़कर 3.14 लाख इकाई रही और स्कूटर की बिक्री 2.21 लाख इकाई से 21.6 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2.69 लाख इकाई हो गयी।

### कृषि के विकास में नाबार्ड की महत्वपूर्ण भूमिका

**रायपुर, वार्ता।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह ने कहा है कि कृषि और कृषि से संबद्ध क्षेत्रों के विकास में राज्य सरकार के साथ-साथ राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) का महत्वपूर्ण योगदान है। डा.सिंह ने मंगलवार को नाबार्ड द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य ऋण संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कहा कि कृषि हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। प्रधानमंत्री ने वर्ष 2022 तक किसानों की आय दोगुना करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। राज्य सरकार इसके लिए हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होने कहा कि पिछले वर्षों में छत्तीसगढ़ में धान, गेहूं, दलहन और तिलहन सहित, कृषि उपजों का उत्पादन बढ़ा है। छत्तीसगढ़ की कृषि विकास दर राष्ट्रीय कृषि विकास दर से 1.6 प्रतिशत अधिक है। इसके और अधिक बढ़ने की संभावनाएं विद्यमान है। उन्होने कहा कि राज्य सरकार के प्रयासों से उन्नत बीजों के उत्पादन में छत्तीसगढ़ आत्मनिर्भर बन गया है। राज्य सरकार ने कृषि उपज का लागत मूल्य कम करने के अनेक उपाय किए हैं।

### दोगुना हुआ इंडियन ऑयल का मुनाफा

**नई दिल्ली, वार्ता।** सार्वजनिक क्षेत्र की सबसे बड़ी तेल विपनन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की 31 दिसंबर को समाप्त तीसरी तिमाही में 97.33 फीसदी बढ़कर 7,883.22 करोड़ रुपये पर पहुँच गया। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी को 3,994.91 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। कंपनी ने हर शेयर पर एक बोनस शेयर तथा 190 प्रतिशत अंतरिम लाभांश देने की घोषणा की है। इंडियन ऑयल के निदेशक मंडल की आज यहाँ हुई बैठक में तिमाही परिणामों के साथ बोनस शेयर जारी करने और अंतरिम लाभांश के प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गयी। तिमाही परिणाम के मुताबिक आलोच्य अवधि में कंपनी की कुल आमदनी 1,32,218.54 करोड़ रुपये रही जबकि गत वित्त वर्ष की समान अवधि में यह आंकड़ा 1,16,437.83 करोड़ रुपये रहा था। आमदनी बढ़ने में पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस तथा विमान ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी की मुख्य भूमिका रही। पेट्रोलियम उत्पादों से 31 दिसंबर 2016 को समाप्त तिमाही में 1,11,197.66 करोड़ रुपये की आमदनी हुई थी जो 31 दिसंबर 2017 को समाप्त तिमाही में बढ़कर 1,26,978.41 करोड़ रुपये पर पहुँच गयी। पेट्रोकेमिकल तथा अन्य कारोबारों से प्राप्त राजस्व में कमी आयी है। इस दौरान कंपनी का कुल खर्च 1,10,247.10 करोड़ रुपये से बढ़कर 1,19,966.35 करोड़ रुपये हो गया।

किसान संगठनों की मांग

# किसानों की आय को लेकर बने आयोग

**नई दिल्ली ■ वार्ता**

स्वराज इंडिया , जय किसान आन्दोलन और रेथु स्वराज वेदिका ने मोदी सरकार पर अब तक की सबसे बड़ी किसान विरोधी सरकार होने का आरोप लगाते हुए आज कहा कि उसे किसानों से किये गये वादे पूरे करने चाहिए तथा उनकी आय बढाने के उद्देश्य से एक स्थायी आयोग गठित करना चाहिए ।

स्वराज इंडिया के अध्यक्ष योगेन्द्र यादव , जय किसान आन्दोलन के संयोजक अविक साहा तथा वेदिका के प्रमुख किरण विस्सा ने यहां संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने अपने चुनाव घोषणा पत्र में और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चुनाव सभाओं में अनेक अवसरों पर किसानों की फसल लागत का डेढ गुना मूल्य देने का वादा किया था । बाद में सरकार ने किसानों से जुड़े एक मामले में उच्चतम न्यायलय में शपथ पत्र दाखिल कर कहा कि ऐसा संभव नहीं है । उन्होंने कहा कि किसानों की आय का आकलन करने के लिए सरकार को एक स्थायी आयोग का गठन करना चाहिये जो समय समय पर उनके हित में अपनी सिफारिश दे ।

तीनों नेताओं ने कृषि को लेकर सरकार के पिछले चार बजट में कियें गये प्रावधानों पर 'ग्रीन पेपर' जारी किया और कहा कि कृषि और किसान गंभीर संकट के दौर से गुजर रहे है यह देखते हुए यह लेखाजोखा जारी किया गया है ताकि सरकार इस संबंध में उचित ध्यान दे और पर्याप्त आवंटन करे । उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने सत्ता में आने के बाद चालाकी से फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वार्षिक वृद्धि दर को पहलें की तुलना में कम कर दिया । इसके साथ ही राज्यों पर दबाव बना कर एमएसपी पर बोनस समाप्त करा दिया । किसानों नेताओं ने कहा कि भूमि अधिग्रहण कानून को निष्प्रभावी कर दिया गया है तथा आदिवासी किसानों को दिये गये कानूनी संरक्षण को भी समाप्त कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि अर्थिक सर्वेक्षण में सरकार ने स्वीकार किया है कि पिछले चार साल से किसानों की आय नहीं बढी है और जलवायु परिवर्तन के कारण उनकी आय में 25 प्रतिशत तक का नुकसान हो सकता है । उन्होंने कहा कि किसानों के सभी तरह के कर्ज माफ कर दिये जाने चाहिए तथा 23 फसलों की बजाय दूध एवं अंडा समेत सभी फसलों का एमएसपी निर्धारित किया जाना चाहिए ।

## बिजनेस हलचल

### दुनिया का सातवां बड़ा ऑटो एक्सपो नौ फरवरी से

**नई दिल्ली, वार्ता।** दुनिया का सातवां ऑटो एक्सपो 'द मोटर शो 2018' दिल्ली एनसीआर के ग्रेटर नोएडा में नौ फरवरी से शुरू होगा, जिसमें 24 नये वाहन लॉच किया जायेगा और 100 से अधिक वाहनों का अनावरण किया जायेगा। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के अध्यक्ष अभय फिरोदिया ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा करते हुये कहा कि 14वां ऑटो एक्सपो छह दिनों का होगा और यह नौ से 14 फरवरी तक चलेगा। सात और आठ फरवरी दो दिन मीडिया के लिए आरक्षित है और इन्हीं दो दिनों में नये वाहन लॉच किये जायेंगे तथा 100 से अधिक वाहनों का अनावरण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि आठ फरवरी को दोपहर में ऑटो एक्सपो की औपचारिक शुरूआत होगी लेकिन आम लोगों के लिए यह नौ फरवरी से खुलेगा। पहले 13 फरवरी तक ऑटो एक्सपो चलने वाला था लेकिन आम लोगों की सुविधा के लिए इसको एक दिन बढ़ा दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस शो में 51 ऑटो कंपनियां भाग ले रही हैं, जिनमें कुछ ऐसी विदेशी कंपनियां भी हैं जो भारतीय बाजार में प्रवेश करना चाह रही हैं। उन्होंने बताया कि इस बार स्टार्टअप पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। पिछले ऑटो एक्सपो में मात्र दो स्टार्टअप टेक शामिल हुये थे लेकिन इस बार इनकी संख्या 12 पर पहुंच गयी है। इसके साथ डिजिटल टेक कंपनियां भी इसमें शामिल हो रही हैं। इस बार 14 इनडोर एक्जिबिशन हॉल बनाये गये हैं। शो के समानांतर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन, सेमिनार और कार्यशालायें भी आयोजित की जायेंगी। इस बार के एक्सपो में हालांकि कुछ बड़ी कंपनियां भाग नहीं ले रही हैं।

### सीबीआरई का डिजिटल एंड टेक्नोलॉजी केंद्र शुरू

**नई दिल्ली, वार्ता।** रियल एस्टेट क्षेत्र में काम करने वाले कंसल्टेशन फर्म सीबीआरई साऊथ एशिया प्राइवेट लिमिटेड ने गुरुग्राम में आज अपना पहला डिजिटल एंड टेक्नोलॉजी सेंटर का शुभारंभ किया। कंपनी की मुख्य डिजिटल एंड टेक्नोलॉजी अधिकारी चंद्रा ढंडापाणि और दक्षिण पूर्व एशिया के अध्यक्ष अंशुमल मैगजीन ने इस केंद्र का उद्घाटन करते हुए कहा कि यह एशिया प्रशांत में फर्म का पहला रिएल एस्टेट टेक्नोलॉजी सेंटर है। यह फर्म के सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट सेंटर के रूप में काम करेगा। यह केंद्र मैपिंग, ऑग्मेंटेड रिएल्टी और डाटा विश्लेषण को बढावा देने वाली स्मार्ट टेक्नोलॉजी को सपोर्ट करेगा। इस केंद्र में शुरूआती तौर पर करीब 120 सॉफ्टवेयर इंजीनियर काम करेंगे । फर्म की योजना अगले 12 माह में इस केंद्र में और निवेश करने की है।

### गौर समूह शिक्षा कारोबार में 150 करोड़ का निवेश करेगा

**नई दिल्ली, भाषा।** रीयल्टी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी गौर समूह अपने शिक्षा कारोबार में 150 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। समूह की योजना उत्तर प्रदेश में उच्च शिक्षा के लिए एक शिक्षण संस्थान और दो विद्यालय खोलने की है। कंपनी ने 2014 में शिक्षा क्षेत्र में कदम रखा था और ग्रेटर नोएडा (पश्चिम) या नोएडा एक्सटेंशन में करीब 80 करोड़ रुपये के निवेश से अपने टाउनशिप में गौर इंटरनेशनल स्कूल की स्थापना की थी।

**बिहार स्पोन्ज आयरन लिमिटेड**
**सीआईएन: L27106JH1982PLC001633**
**पंजी. कार्यालय :** उमेश नगर, चांडिल
जिला सरायकेला खरसावां, झारखंड–832401
ई–मेल : companysecretary@bsil.org.in
**सूचना**
एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि 'सेबी' (लिस्टिंग दायित्वों और प्रकटीरण की आवश्यकताओं) अधिनियम, 2015 के नियम 47(1)(अ) के अन्तर्गत कम्पनी के निर्देशक मंडल की बैठक गुरूवार, 08 फरवरी, 2018 को आयोजित की जाएगी, जिसमें 31 दिसंबर, 2017 को समाप्त तिमाही और नौ माही कम्पनी के अ–लेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम विचारित एवं अनुमोदित किए जाएंगे।
इस सूचना विज्ञापन में लिखित सूचना कंपनी के वेबसाइट (www.bsil.org.in) और स्टॉक एक्सचेंज के वेबसाइट (www.bseindia.com) पर भी उपलब्ध है।
**बोर्ड के आदेश द्वारा**
**बिहार स्पोंज आयरन लिमिटेड**
हस्ता/–
**स्थान : चांदिल** — **शुभांगी वार्ष्णेय**
**तिथि : 30.01.2018** — **कंपनी सचिव**

